# दिल्ली विधान सभा

## समाचार भाग-2

(विधायी तथा अन्य मामलों से संबंधित सामान्य जानकारी)

वृहस्पतिवार, 18 मार्च, 2004/फाल्गुन 28, 1925 (शक)

**संख्या : 26**

1. **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की तीसरी विधान सभा के प्रथम सत्र के दूसरे भाग का पुन:आरम्भ:**

माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की तीसरी विधान सभा के पहले सत्र का दूसरा भाग **बुधवार, दिनांक 24 मार्च, 2004 को अपराह्न 2.00 बजे से विधान सभा सभागार, पुराना सचिवालय, दिल्ली में प्रारंभ होगा ।**

2. **पहले सत्र के दूसरे भाग के दौरान कार्य निष्पादन के लिये दिनों का आबंटन:**

कार्य निष्पादन हेतु विधान सभा की बैठकें अस्थायी तौर पर 24 एवं 25 मार्च,2004 के लिए निर्धारित की गई हैं ।

3. **विधान सभा की बैठकों का समय:**

जब तक अध्यक्ष अन्यथा आदेश न दें, विधान सभा की बैठकें अपराह्न 2.00 बजे प्रारंभ होगी और तब तक चलेंगी जब तक उसे उस दिन के लिये स्थगित न कर दिया जाये।

4. **प्रश्नकाल नहीं होगा**

इस सत्र में प्रश्नकाल नहीं होगा ।

5. **नियम 280 के अनतर्गत विशेष उल्लेख:**

जो माननीय सदस्य नियम 280 के अंतर्गत विशेष उल्लेख के मामलों को जिस दिन/तिथि को उठाना चाहते है, प्रस्तावित विषय की सूचना उसी दिन पूर्वाह्न 11.00 बजे तक दे सकते हैं। प्रथम 10 सूचनाओं की प्राथमिकता निर्धारित करने हेतु बैलेटिंग प्रत्येक दिन पूर्वाह्न 11.15 बजे सचिव, विधान सभा के कक्ष में की जायेगी । माननीय सदस्यों से बैलेटिंग की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु अनुरोध किया जाता है ।

सदस्यों से अनुरोध है किया जाता है कि वे **विशेष उल्लेख के पाठ को केवल 8-10 लाइनों तक ही सीमित रखें** और सदन में उस विषय को उठाते समय केवल मूल पाठ हीं पढ़ें । विषय केवल एक ही विभाग एवं एक मुद्दे से संबंधित होना चाहिए । सचिवालय विभाग को प्राय: उल्लेख के पाठ को हीं अग्रिम कार्यवाही हेतु भेजता है ।

6. **सूचनाओं की प्रक्रिया**

**(क)** सदस्यों का ध्यान दिल्ली विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियम -258 की ओर आकर्षित किया जाता है, जो इस प्रकार से है:-

(i) नियमों द्वारा अपेक्षित प्रत्येक सूचना लिखित रूप में सचिव को सम्बोधित करते हुए दी जायेगी और सूचना देने वाले सदस्य द्वारा हस्ताक्षरित की जायेगी जिसमें उसकी विभाजन संख्या भी दर्शायी जायेगी तथा कार्यालय में ही दी जायेगी जो कि

